## सराहनीय कार्य दिनाँक 21-05-2025 थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना दक्षिण व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा थाना दक्षिण पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 502/25 से सम्बन्धित अभियुक्तगण मयंक उर्फ सचिन, अमन पण्डित व रोहन यादव को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **अभियुक्तों के कब्जे से 01 देशी पिस्टल 32 बोर, 05 खोखा कारतूस 32 बोर, 10 जिंदा कारतूस 32 बोर, 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 12 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 08 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**
- **घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

दिनाँक 20-05-2025 को वादी देशदीपक यादव द्वारा थाना दक्षिण पर तहरीर दी गयी थी कि दिनाँक 16-05-2025 को रात्रि में मयंक उर्फ सचिन व उसके साथियों द्वारा वादी की हत्या करने की नीयत से फायर कर दिया।जिसके सम्बन्ध में थाना दक्षिण पर मु0अ0सं0 502/2025 धारा 109,111(3),111(4),190,191(2),191(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनाँक 21-05-2025 को थाना दक्षिण पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 502/2025 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण थाना क्षेत्र दक्षिण में बिहारीपुर से लालऊ की ओर आ रहे है। सूचना के आधार पर थाना दक्षिण व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा बिहारीपुर लालऊ रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान 07-08 संदिग्ध व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे व खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में 03 संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लग गयी। जिससे वह घायल हो गये तथा 04-05 संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान मयंक उर्फ सचिन, रोहन यादव, अमन पण्डित के रूप में हुई है जो थाना दक्षिण पर पंजीकृत मु0अ0सं0 502/2025 से सम्बन्धित अभियुक्तगण है। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जा रही है।

### नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-

1. मयंक उर्फ सचिन पुत्र राजेश भारद्वाज निवासी कुआ वाली गली के पास नई बस्ती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. अमन पण्डित पुत्र अश्वनी शर्मा निवासी नई बस्ती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
3. रोहन यादव पुत्र अजय निवासी कोटला मौहल्ला नई बस्ती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 देशी पिस्टल 32 बोर।
2. 05 खोखा कारतूस 32 बोर।
3. 10 जिंदा कारतूस 32 बोर।
4. 02 अवैध तमंचा 315 बोर।
5. 12 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
6. 08 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त मयंक उर्फ सचिन -**

1- मु0अ0सं0 502/2025 धारा धारा 109,111(3),111(4),190,191(2),191(3) बीएनएस थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2- मु0अ0सं0 72/2023 थाना डीसीबी जनपद अहमदाबाद, गुजरात।
3- मु0अ0सं0 632/24 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अमन पण्डित-**

1- मु0अ0सं0 502/2025 धारा धारा 109,111(3),111(4),190,191(2),191(3) बीएनएस थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2- मु0अ0सं0 72/2023 थाना डीसीबी जनपद अहमदाबाद, गुजरात।
3- मु0अ0सं0 632/24 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त रोहन यादव-**

1- मु0अ0सं0 502/2025 धारा धारा 109,111(3),111(4),190,191(2),191(3) बीएनएस थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री योगेन्द्र पाल सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. प्रभारी एसओजी / सर्विलांस श्री अमित तोमर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 सिंहराज सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 मौ0 नफीस थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 कपिल कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 सौरभ थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
7. मु0आ0 380 हरवीर सिह एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
8. मु0आ0 736 सुशील कुमार एसओजी जनपद फिरोजाबाद ।
9. मु0आ0 953 ललित शर्मा एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
10. आरक्षी 887 उग्रसेन एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
11. आरक्षी 879 जय प्रकाश एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
12. आरक्षी 920 सन्दीप कुमार एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
13. आरक्षी 150 अरूण कुमार एसओजी जनपद फिरोजाबाद।
14. आरक्षी 958 राहुल थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
15. मु0आ0 1055 अशोक कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
16. आरक्षी 415 खजान सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
17. चालक 262 रविश कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।